## SLCM GROUP IN NEWS

| Publication | Date | Print Edition | Page no |
|---|---|---|---|
| Dainik Bhaskar | 13, Dec, 2025 | Delhi | 2 |

दैनिक भास्कर

# एसएलसीएम को एग्री-वेयरहाउसिंग उत्कृष्टता के लिए सीआईआई स्केल अवॉर्ड 2025 मिला

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट, भारत की अग्रणी पोस्ट-हार्वेस्ट लॉजिस्टिक्स और एग्री-सॉल्यूशंस कंपनी, को सीआईआई द्वारा आयोजित 12वें सप्लाई चेन एंड लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस स्केल अवॉर्ड्स में एक बार फिर एग्री-वेयरहाउसिंग उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया है।लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक माने जाने वाले सीआईआई स्केल अवॉर्ड्स उन संस्थानों को सम्मानित करते हैं जो नवाचार, परिचालन उत्कृष्टता और श्रेष्ठ सप्लाई चेन प्रथाओं के माध्यम से उद्योग मानक स्थापित करते हैं। जूरी ने एसएलसीएम को उसके पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म के लिए सम्मानित किया, जो साइंटिफिक वेयरहाउसिंग, एआई-आधारित गुणवत्ता परीक्षण, सर्टिफिकेशन, स्टोरेज रिसीट्स द्वारा फंडिंग और कमोडिटी लाइफसाइकिल की रियल-टाइम मॉनिटरिंग को



एकीकृत फिजिटल इकोसिस्टम में समेटता है। इस प्लेटफॉर्म ने पोस्ट-हार्वेस्ट लॉस को कम करने के साथ-साथ पारदर्शिता और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया है।यह सम्मान एस.एल.सी.एम के प्रमुख समाधानों एग्री रीच और एग्री सुरक्षा के प्रभाव को भी रेखांकित करता है। एसएलसीएम के ग्रुप सीईओ, संदीप सभरवाल ने कहा, सीआईआई स्केल अवॉर्ड्स द्वारा लगातार सम्मानित होना भारत के लिए एक वैज्ञानिक, स्केलेबल और फिजिटली-ड्रिवन पोस्ट-हार्वेस्ट इकोसिस्टम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।